जम्मू का टिकट कटा दो मेरी मईया

जम्मू का टिकट कटा दो मेरी मईया,
बैठ रेल में आऊ रे, मेरी शेरोवाली मईया ॥

बाण गंगा का ठंडा ठंडा पानी,
जल्दी से बुलालो मेरी वैष्णो रानी,
मैं आकर डूबकी लगाऊ रे, मेरी शेरोवाली मईया,
बैठ रेल में आऊ रे, मेरी शेरोवाली मईया ॥
जम्मू का टिकट कटा दो मेरी मईया ।

सुआ सुआ चोला मईया अंग विराजे
गोटेदार चुनरी सर पे साजे,
केसर तिलक लगाऊ रे, मेरी शेरोवाली मईया,
बैठ रेल में आऊ रे, मेरी शेरोवाली मईया ॥
जम्मू का टिकट कटा दो मेरी मईया ।

अंधन को आंख देत कोढ़न को काया,
बाँझन को पुत्र देत निर्धन को माया,
मैं भी अर्जी लगाऊ रे, मेरी शेरोवाली मईया,
बैठ रेल में आऊ रे, मेरी शेरोवाली मईया ॥
जम्मू का टिकट कटा दो मेरी मईया ।

ध्वजा नारियल भेंट चढाऊ,
हवले चने का मईया भोग लगाऊ,
तेरा रज रज दर्शन पाऊ रे, मेरी शेरोवाली मईया,
बैठ रेल में आऊ रे, मेरी शेरोवाली मईया ॥
जम्मू का टिकट कटा दो मेरी मईया ।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24056/title/jammu-ka-ticket-kata-do-meri-mayia

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |